दिन– रविवार दिनांक– 31/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के निर्यात शुल्क में संशोधन किया। नया शुल्क कल से लागू।

03. राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दो आईएएस अधिकारी योगेश कुमार सागर और अभिलाषा कुमारी शर्मा को किया निलंबित।

04. और, मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, पूर्णियां, कटिहार, सीवान, शेखपुरा पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण सहित राज्य के बारह जिलों में आंधी–बारिश का जारी किया अलर्ट।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौंतीसवीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसे प्रसारित किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा।

————————————————————

केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के निर्यात शुल्क में संशोधन किया है। यह कदम पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————

राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा, आईएएस के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विशेष निगरानी इकाई से प्राप्त प्रवर्तन

निदेशालय के दस्तावेजों के आधार पर अनुचित लाभ लेने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। निलंबित अधिकारियों में बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक योगेश कुमार सागर तथा वर्तमान में जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में कार्यरत अभिलाषा कुमारी शर्मा शामिल हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा कि निष्पक्ष और सही मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की आधारशिला होती है। आयोग द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कानूनी परामर्शदाताओं का राष्ट्रीय सम्मेलन किया गया। सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुये मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बूथ स्तर के अधिकारियों और बूथ स्तर के एजेंटों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे मतदाता सूची को सही और अद्यतन रखने में अहम योगदान देते हैं। उन्होंने देशभर की अदालतों में निर्वाचन आयोग का पक्ष रखने वाले अधिवक्ताओं और कानूनी परामर्शदाताओं के समर्पण और मेहनत की सराहना की।

———————————————————————

लोकभवन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के प्रभावी क्रियान्वयन और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों में एकरूपता लाने के उद्देश्य से यूनिफॉर्म अकादमिक कैलेंडर जारी किया है। इसके तहत राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए अब एक समान शैक्षणिक कैलेंडर लागू होगा। नामांकन से लेकर परीक्षा तक की सभी प्रक्रियाओं की तिथियां निर्धारित रहेंगी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन ने सभी विश्वविद्यालयों को इस कैलेंडर का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि किसी भी परिस्थिति में शैक्षणिक कैलेंडर से विचलन स्वीकार्य नहीं होगा। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत एक जुलाई से होगी, जबकि नामांकन और पंजीकरण की प्रक्रिया तीस जून तक पूरी कर ली जाएगी। इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए दूसरी चयन सूची जारी कर दी है। प्लस–टू विद्यालयों में सत्र दो हजार छब्बीस–अट्ठाईस के लिए चयनित विद्यार्थियों को दो जून तक अपने आवंटित विद्यालयों में नामांकन कराना अनिवार्य होगा। समिति ने कहा है कि नामांकन प्रक्रिया से जुड़ी सभी जानकारी बोर्ड

की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इधर, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सीबीएसई की ओर से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट रिजल्ट एक्टिविटी पोर्टल कल से सक्रिय किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन तथा पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड के अनुसार, मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विद्यार्थियों को सुविधाजनक सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पोर्टल शुरू किया जा रहा है।

————————————————————————

मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, पूर्णियां, कटिहार, गोपालगंज, सीवान, सारण, शेखपुरा पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण सहित राज्य के कई क्षेत्रों में आंधी–बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

———साउंड बाइट———

इधर, प्रदेश के कई भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि पटना सहित राज्य के अधिकांश जिलों में अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापामन में चार से पांच डिग्री सेल्सियस वृद्धि की सम्भावना है।

————————————————————————

पटना के दानापुर स्थित बिहार रेजिमेंट सेंटर में आज अग्निवीरों की पासिंग आउट परेड का भव्य आयोजन किया गया। चौबीस सप्ताह के कठिन सैन्य प्रशिक्षण के बाद एक हजार पच्चचीस अग्निवीर जवान औपचारिक रूप से भारतीय सेना में शामिल हो गये। परेड के दौरान अग्निवीरों ने देश सेवा, अनुशासन और समर्पण की शपथ ली। इस अवसर पर विभिन्न धर्म गुरुओं द्वारा अग्निवीरों को गीता, कुरान, बाइबल और गुरु ग्रंथ साहिब पर हाथ रखकर राष्ट्र सेवा के प्रति निष्ठा और समर्पण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बिहार रेजिमेंट सेंटर के कमांडिंग ऑफिसर तथा समीक्षा अधिकारी मेजर जनरल जय सिंह बैंसला, सेना मेडल, ने परेड की सलामी ली।

————————————————————————

गोपालगंज की एमपी–एमएल अदालत ने जदयू विधायक अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर लगी रोक की सीमा पांच जून तक बढ़ा दी है। न्यायालय ने एक अन्य अभियुक्त भोजपुरी गायक गुंजन सिंह को भी पांच जून तक गिरफ्तार नहीं करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों जिले के सेमराओ गांव में एक कार्यक्रम के दौरान प्रतिबंधित हथियार प्रदर्शन करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

————————————————————————

भोजपुर पुलिस ने ऑन लाईन गेमिंग से करोड़ों रूपये गबन करने के मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस सिलसिले में ग्रामीण बैंक के तीन खातों से लगभग आठ करोड़ रूपये के लेन–देन को जांच किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने विभिन्न बैंकों के उन्नीस पासबुक समेत कई दस्तावेज बरामद किया है। इधर, अररिया में भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस छापामारी अभियान में फरार अपराधियों और मदक पदार्थ के तस्कर सहित इकतालीस अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की ओर से सत्ताईस मई को गयाजी शहर के दस केन्द्रों पर हुई दारोगा बहाली मुख्य परीक्षा में मोबाईल के जरिये चोरी कराने वाली गिरोह का उजागर किया है। पुलिस ने इस सिलसिले में गयाजी के रामपुर थाना क्षेत्र के शिव मंदिर के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

रोहतास जिले की पुलिस ने धौड़ाढ़ थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुए लूटकांड के मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बक्सर जिल की पुलिस ने केसठ पुरानी बाजार चिमनी मुहल्ला के पास से दो युवकों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन तंबाकू के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण वैश्विक पहल का हिस्सा है। इस वर्ष का विषय है– अपील का अनावरण – निकोटीन और तंबाकू की लत से निपटना। इधर, विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राजधानी पटना सहित प्रदेभभर में कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

कटिहार में आयोजित बिहार राज्य अंडर थर्टिन शतरंज प्रतियोगिता में पटना के देवांश केसरी शीर्ष पर चल रहे हैं। इस प्रतियोगिता में शीर्ष वरियता प्राप्त खिलाड़ी देवांश ने मुजफ्फरपुर के सिद्धार्थ शांडिल्य को पराजित कर साढ़े पांच अंकों के साथ बढ़त प्राप्त की है।

———————————————————————

आई.पी.एल. क्रिकेट के फाइनल में आज अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्तमान चैम्पियन रॉयल चैलेन्जर्स बेंगलुरु का सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट––––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सरकारी ठेकों में भ्रष्टाचार मामलों में आईएएस योगेश–अभिलाषा सस्पेंड। अखबार लिखता है रिश्वत कमीशन और अनुचित लाभ लेने का आरोप।

दैनिक जागरण का शीर्षक है– नीट यूजी और सीबीएसई के बाद अब सीयूईटी–यूजी में भी गड़बड़ी। दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा खामी का शिकार, पहली पाली की परीक्षा दो घंटे देरी से शुरू हुई, दूसरी पाली का पेपर भी एक घंटा लेट।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– एक देश एक चुनाव दो हजार उनतीस से पहला चरण, दो हजार चौंतीस तक पूरा चक्र।

प्रभात खबर ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास खाली कराने के मामले की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– राबड़ी बोली, फोर्स भेजकर बंगला खाली करवा लें.... कुछ देर बाद ही पुलिस पहुंची।

आज अखबार ने मौसम से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– बिहार में कल पांच डिग्री चढ़ेगा पारा।

राष्ट्रीय सागर का शीर्षक है– राज्यभर से मिले आवेदनों की निगरानी के लिए विशेष कोषांक का हुआ गठन।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के निर्यात शुल्क में संशोधन किया। नया शुल्क कल से लागू।

03. राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दो आईएएस अधिकारी योगेश कुमार सागर और अभिलाषा कुमारी शर्मा को किया निलंबित।

04. और, मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, पूर्णियां, कटिहार, सीवान, शेखपुरा पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण सहित राज्य के बारह जिलों में आंधी–बारिश का जारी किया अलर्ट।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।